University in News on 22 March 2025

NBT PAGE 4

विदेशी स्टूडेंट्स की डिमांड पर नए कोर्स तैयार करेगा LU

न्यूनतम 5 विद्यार्थियों के प्रत्यावेदन पर डिजाइन किया जाएगा कोर्स

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में अब विदेशी छात्रों के लिए ऑन डिमांड कोर्स तैयार किया जाएगा। यह कोर्स विशेष रूप से उन्हीं छात्रों के लिए होगा जो इसकी डिमांड करेंगे। इसके लिए अकैडमिक काउंसिल में इसे मंजूरी दे दी गई है। इससे एलयू में विदेशी छात्रों की संख्या में और ज्यादा इजाफा हो सकेगा। वर्तमान में शहर के सभी विश्वविद्यालयों में सिर्फ एलयू में ही विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं। हाल में मैक्सिको से एक प्रतिनिधिमंडल एलयू आया था, जिसने लखनऊ के खान पान पर कोर्स पढ़ने की इच्छा जताई। साथ ही हिंदी सीखने के लिए भी एलयू में दाखिले का अनुरोध किया है।

विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या में इजाफा करने के लिए कई बड़े बदलाव हुए हैं। पहले कोई भी कोर्स शुरू करने के लिए अकैडमिक काउंसिल से मंजूरी लेनी पड़ती थी। वहीं काउंसिल की बैठक साल में एक से दो बार ही होती है। ऐसे में एलयू ने इसमें बदलाव कर अब अकैडमिक काउंसिल की बाध्यता को खत्म कर दिया है। अब कोई भी विभाग विदेशी छात्रों के लिए कोर्स शुरू करने के लिए सीधे वीसी से मंजूरी लेकर इसे शुरू कर सकता है। इसमें यह शर्त रखी गई है कि न्यूनतम पांच विदेशी छात्र अगर किसी कोर्स के लिए प्रत्यावेदन एलयू को देते हैं तो विवि उस पर विचार कर कोर्स शुरू कर सकेगा। विवि ने पिछले कुछ सालों में विदेशी छात्रों के रेकॉर्ड दाखिले लिए हैं।

स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रवेश के आवेदन 25 से

■ NBT न्यूज, लखनऊः राजधानी के गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के साथ गोरखपुर के बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज और सैफई के मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में कक्षा 6 से 9वीं तक की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 25 मार्च से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। तीनों स्पोर्ट्स कॉलेज में 275 सीटें खाली हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट www.sportscollegelko.in और https://khelsathi.in पर 200 रुपये शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन फार्म में यू डायस पोर्टल से निर्गत परमानेंट एजुकेशन नंबर भरना अनिवार्य होगा।

भारतीय भाषा में पढ़ सकेंगे विज्ञान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊः शहर के विश्वविद्यालयों के छात्र जल्द ही भारतीय भाषाओं में भी विज्ञान पढ़ सकेंगे। इसके लिए भारतीय भाषाओं में ऑनलाइन कोर्स तैयार किए जा रहे हैं। यूजीसी के कंसोर्टियम फॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन (सीईसी) की ओर से 30 ऐसे कोर्स तैयार किए जा रहे हैं जो अलग-अलग भाषाओं में होंगे। कोर्स तमिल, गुजराती, असमी, बंगाली समेत अन्य भारतीय भाषाओं में भी तैयार किया जा रहा है। इससे ज्यादा से ज्यादा छात्र इन कोर्सों से जुड़ सकेंगे। इसे यूजीसी के स्वयं पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जहां से किसी भी विश्वविद्यालय के छात्र इन्हें पढ़ सकेंगे। यह जानकारी कंसोर्टियम के निदेशक प्रो. जेबी नड्डा ने लखनऊ विश्वविद्यालय में दी। सीईसी की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छात्रों को एजुकेशन फिल्में दिखाई जा रही हैं।

- एलयू में यूजीसी के कंसोर्टियम हेड प्रो. जेबी नड्डा ने बताया...
- स्वयं पोर्टल पर भारतीय भाषा में कोर्स डिजाइन करने की तैयारी

'फ्लक्स सॉइल' रही चर्चा में

फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन मणिपुर की फिल्म 'फ्लक्स सॉइल' चर्चा में रही, जिसमें पर्यावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड के पुनः संकेंद्रण के संतुलन के बारे में बताया गया। वहीं दिल्ली में यमुना घाटों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में फिल्म यमुना घाट को भी काफी पसंद किया गया। इसके अलावा दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट को भी दर्शकों ने खूब सराहा।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लघु फिल्मों ने सिखाईं समझदारी की बातें

लविवि में यूजीसी और सीईसी फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन

फ्लक्स सॉइल, यमुना घाट फिल्म रही चर्चा का केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में शैक्षिक संचार संघ (सीईसी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से आयोजित फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन लघु फिल्मों ने समझदारी की बातें सिखाईं। विद्यार्थी साहित्यिक और सामाजिक फिल्मों से जुड़े विषयों के साक्षी बने। कई राज्यों से आई विजेता फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।



महोत्सव में मणिपुर की सर्वोत्तम शोध पुरस्कार विजेता फिल्म फ्लक्स सॉइल ने पर्यावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड के पुनः संकेंद्रण के बारे में सोचने पर मजबूर किया।

दूसरी ओर सर्वोत्तम छायांकन श्रेणी में पुरस्कृत फिल्म यमुना घाट ने दिल्ली में यमुना घाटों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी। सीईसी के निदेशक प्रो. जगत भूषण नड्डा ने ऑडियो-वीडियो उत्पादन में कंटेंट के प्रभाव पर कहा कि एक क्रिएटर की मंशा एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री के जरिये समाज में संस्कार का बीज बोने की होनी चाहिए।

इस दौरान दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट जैसी फिल्मों की स्क्रीनिंग भी हुई। हर फिल्म के प्रदर्शन के बाद एक पैनल चर्चा हुई, जहां प्रतिभागियों ने फिल्मों के संबंधित निर्देशकों के साथ बातचीत की। सीईसी के संयुक्त निदेशक सॉफ्टवेयर डॉ. सुनील मेहरू समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

■ समापन समारोह आज : तीन दिवसीय फिल्म महोत्सव का शनिवार को समापन होगा। इसमें देशभर से जाने-माने फिल्म निर्माता और शिक्षक शामिल होंगे। अंतिम दिन छह पुरस्कार विजेता फिल्में विद्यार्थियों को दिखाई जाएंगी। इनके निर्देशक फिल्म समीक्षा के संबंध में दर्शकों को उत्तर देंगे।

अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रतियोगिता के आखिरी दिन शुक्रवार को विजेता टीम ट्रॉफी के साथ। स्रोत: कॉलेज

रील मेकिंग में लखनऊ विवि अव्वल

अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीय खेल व सांस्कृतिक उत्सव का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीय खेल व सांस्कृतिक उत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। आखिरी दिन प्रतियोगिताओं के साथ फैशन शो का जलवा रहा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

टर्न कोट प्रतियोगिता में अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज पहले, शिया पीजी कॉलेज दूसरे और आईटी कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। टिंटेड एक्सिलर प्रतियोगिता में अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज पहले, आईटी दूसरे, शिया पीजी कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

रील मेकिंग में लविवि पहले, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज दूसरे स्थान पर रहा। स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में आईटी कॉलेज ने प्रथम, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने द्वितीय व लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इस मौके पर प्रोफेसर निशि पांडेय, प्राचार्या प्रोफेसर बीना राय, प्रोफेसर उपमा चतुर्वेदी, कॉलेज डीन प्रोफेसर प्रीति अवस्थी सभी सदस्य मौजूद रहे।

एनएसएस की स्थापना की दी जानकारी

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। डीन प्रो. बीडी सिंह और प्रो. आरके सिंह ने छात्रों को शिविर के लिए रवाना किया। रसूलपुर कायस्थ ग्राम पंचायत में हुए शिविर में स्वयंसेवकों ने एनएसएस की स्थापना के उद्देश्य ग्रमीणों को परिचित करवाया और इसका महत्व बताया। (संवाद)

प्रो. गौरी बनीं कृषि संकाय की डीन

लखनऊ। लविवि में वनस्पति विज्ञान विभाग की शिक्षक प्रो. गौरी सक्सेना को कृषि संकाय का डीन बनाया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुमोदन के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया। वह वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष के साथ डीन पद पर अग्रिम आदेशों तक काम करती रहेंगी। (संवाद)

दस दिवसीय अनुसंधान पद्धति कोर्स की शुरुआत

बीबीएयू में प्रबंध अध्ययन विभाग की ओर से शुरू किया गया कोर्स

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। बीबीएयू में प्रबंध अध्ययन विभाग की ओर से दस दिवसीय अनुसंधान पद्धति कोर्स की शुक्रवार से शुरुआत हो गई।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से शुरू कोर्स का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान में शोधरत प्रतिभागियों की अनुसंधान क्षमता का विकास करना, उनके शोध कौशल को मजबूत करना है।

कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के तहत हम व्यक्ति और समाज को समझने और उन्हें बेहतर बनाने का काम करते हैं।

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने कहा, बेहतरीन शोध से समाज में बदलाव लाया जा सकता है। इसी कारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर ही शोध को बढ़ावा दिया गया है।

PIONEER PAGE 3

रंगशिला के जरिए हुआ होली मिलन समारोह का समापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को होली मिलन समारोह रंगशिला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रजवल्लन कार्यक्रम के साथ हुई। रंगारंग कार्यक्रमों की शुरुआत से पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन किया गया। तत्पश्चात स्वाति और मानसी के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। इसके बाद रासलीला पर समूह नृत्य का अयोजन किया गया। विभाग की शोध छात्राओं निहारिका, सेजल जायसवाल, अर्पिता शर्मा, सोनाली जायसवाल ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अर्पिता और कृति के द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिव तांडव पर मानसी ने अपनी शानदार एवं अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। होली मैशअप पर सिमरन, साक्षी, हर्षिता, तान्या, श्रुति, अक्षिता, और संघमित्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

प्रो. गौरी सक्सेना बनी एग्रीकल्चर फैकल्टी की डीन

लखनऊ। प्रो गौरी सक्सेना, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग को लखनऊ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय का संकायाध्यक्ष बनाया गया है। वह विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग के साथ साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष [illegible]

JAGRAN CITY PAGE III

विषम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इनमें एमकाम (वाणिज्य, एप्लाइड इकोनामिक्स), बीए (एनईपी), बीएड, एमए (शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, एआइएच ग्रुप ए, पब्लिक पालिसी एंड गवर्नेंस), एमएससी (माइक्रोबायोलाजी, बाटनी), पीजी डिप्लोमा (ट्रांसलेशन, सोशल ड्यूटीज एंड ह्यूमन राइट्स, डिजास्टर रिलीफ), बीवाक (रिन्यूबल एनर्जी) और शास्त्री जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं। छात्र-छात्राएं अपने परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं।

लवि में आंतरिक शिकायत समिति गठित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) का गठन कर दिया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी पत्र के अनुसार 13 सदस्यीय समिति में प्रो. नाजनीम खान, प्रो. शिखा चौहान, डा. वैशाली सक्सेना, डा. अनुराग श्रीवास्तव, डा. अनुपमा श्रीवास्तव, डा. अलका कुमारी, डा. अनुपम पटेल, डा. विवेक सिंह, डा. मेघा सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार शशि प्रभा तिवारी, डीन साइंस कार्यालय से सरला यादव, डा. सतीश चंद्रा व एडवोकेट प्रज्ञामति गुप्ता शामिल हैं।

प्रो. गौरी बनीं कृषि संकायाध्यक्ष

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना को विश्वविद्यालय के कृषि संकाय का संकायाध्यक्ष बनाया गया है। वह विभागाध्यक्ष के साथ-साथ इस पद का दायित्व भी अगले आदेश तक निर्वहन करेंगी।

प्रोफेसर गौरी सक्सेना, लवि

छात्र-छात्राएं 25 मार्च तक जमा कर सकते हैं फीस

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। अब इन पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सूचना जारी कर कहा गया है कि संबंधित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट या संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है। (जासं)

डा.लोहिया की नवनिर्मित मूर्ति का लोकार्पण कल

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय वाणिज्य विभाग में 23 मार्च को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा. राम मनोहर लोहिया की जन्म तिथि पर उनकी नवनिर्मित मूर्ति का लोकार्पण करेंगे। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर निर्धारित तिथि पर सुबह 11 बजे से पहले लोकार्पण स्थल पर उपस्थित होने के लिए कहा है। (जासं)

HINDUSTAN PAGE 7

शैक्षिक डॉक्यूमेंटरी से समाज में संस्कार के बीज बोए जाएं

- एलयू में फिल्म महोत्सव में दिखाई गईं फिल्में
- कई राज्यों से आई विजेता फिल्मों का प्रदर्शन हुआ

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजीसी सीईसी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन कई साहित्यिक फिल्मों का साक्षी बना। इस दौरान कई राज्यों से आई विजेता फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। मणिपुर की सर्वोत्तम शोध पुरस्कार जीती फिल्म फ्लक्स सॉइल ने पर्यावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड के पुनः संकेंद्रण के बारे में सोचने पर मजबूर किया।

दूसरी तरफ सर्वोत्तम छायांकन श्रेणी में पुरस्कृत फिल्म यमुना घाट ने दिल्ली में यमुना घाटों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। सीईसी निदेशक प्रोफेसर जेबी नड्डा ने ऑडियो-वीडियो उत्पादन में कंटेंट के प्रभाव को उजागर करते हुए कहा कि एक क्रिएटर की मंशा एजुकेशनल डॉक्यूमेंटरी के जरिए समाज में संस्कार का बीज बोने की होनी चाहिए। इस दौरान दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट जैसी फिल्मों की भी स्क्रीनिंग हुई। हर फिल्म प्रदर्शन के बाद एक पैनल चर्चा हुई, जहां प्रतिभागियों ने निर्देशकों के साथ बातचीत की।

AMRIT VICHAR PAGE 6

160 किमी साईकिल चलाएंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्रों का दल आसपास के ऐतिहासिक स्थानों के भ्रमण के लिए कुल 160 किलोमीटर साईकिल यात्रा करेगा। राज्यपाल व कुलाधिपति के निर्देशों के में छात्र 3 दिवसीय साइकिल यात्रा पर निकलेंगे। यह यात्रा 24 से शुरू होकर 26 तक चलेगी। यात्रा की शुरुआत प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। यात्रा का आदर्श वाक्य 'एक देश नेक देश-प्रगति पथ पर हमारा देश' है।

यात्रा 24 को सुबह 8 बजे विश्वविद्यालय के विवेकानन्द द्वार से शुरू होकर परिवर्तन चौक, रेजीडेंसी व बड़ा इमामबाड़ा, शिया पीजी कॉलेज होते हुए ऐतिहासिक स्थल बख्शी का तालाब का भ्रमण करते हुए सीबी गुप्ता महाविद्यालय में पहुंचेगी। उसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांवों का भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक मां चंद्रिका देवी मन्दिर में भ्रमण एवं रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन माल रोड पर पड़ने वाले गांवों का भ्रमण करते हुए आदर्श सत्येन्द्र महाविद्यालय में पहुंचेगी। तत्पश्चात रहीमाबाद गांव का भ्रमण करते हुए कुंवर आसिफ अली कॉलेज में पहुंच कर रात्रि में विश्राम करेगी। 26 को यात्रा कुंवर आसिफ अली कॉलेज से रहीमाबाद एवं काकोरी ट्रेन ऐक्शन प्लॉन स्थल का भ्रमण करते हुए काकोरी गांव के प्रधान से चर्चा करते हुए डिबेट एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा।

रंगशिला में छात्राओं ने मचाया धूम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिवतांडव की अदभुत प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

» वाणिज्य विभाग में रंगारंग हुआ होली मिलन समारोह

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में होली मिलन समारोह रंगशिला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश स्वाति और मानसी के गणेश वंदना से की गई। इसके बाद रासलीला पर समूह नृत्य का अयोजन किया गया।

विभाग की शोध छात्राओं निहारिका, सेजल जायसवाल, अर्पिता शर्मा, सोनाली जायसवाल ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अर्पिता और कृति के द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिवतांडव पर मानसी ने अपनी शानदार एवं अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। होली मैशअप पर सिमरन, साक्षी, हर्षिता, तान्या, श्रुति, अक्षिता और संघमित्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। निशांत, गरिमा, खुशी, हर्षिता, क्षितिज, परीशा, नरेंद्र, आर्यन, वंशिका, प्रांशु द्वारा फैशन शो के साथ समापन हुआ। रंगारंग कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित रहे।

विश्व वन दिवस पर कुलपति ने किया पौधरोपण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, के संयुक्त तत्वावधान में विश्वर वन दिवस के अवसर पर एक जागरुकता व्याख्यान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में घटती वन विविधता और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालना था। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने पौधरोपण किया। भारत में घटती वन विविधता विषय पर मुख्य व्याख्यान डॉ. उमा शंकर सिंह, पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश द्वारा दिया गया। इस अवसर पर कुलपति सहित संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रो. अवनीश मिश्रा बने आंतरिक गुणवत्ता के निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमानुसार आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ निदेशक प्रो. अवनीश चन्द्र मिश्रा को बनाया गया है वह इतिहास विभाग में कार्यरत हैं।

25 मार्च तक छात्र-छात्राएं जमा करें शुल्क

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा जिन पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है, उन पाठ्यक्रमों में शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 25 मार्च निर्धारित किया गया है। छात्र-छात्राएं 25 मार्च तक अपना शुल्क अवश्य जमा कर दें। साथ ही विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि समस्त सम्बन्धित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

विषम सेमेस्टर परीक्षा फल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय विषम सेमेस्टर 2024 परीक्षा फल घोषित कर दिया गया है। आचार्य, बीए, बीएससी, एमए, एमएससी समेत कुल 9 विषयों का परिणाम जारी किया गया है। छात्र परीक्षा फल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

साहित्यिक फिल्मों का साक्षी बना फिल्म महोत्सव

जासं • लखनऊः लखनऊ विवि में यूजीसी सीईसी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन शुक्रवार को साहित्यिक फिल्मों का साक्षी बना। आयोजन में विभिन्न राज्यों की विजेता फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। लखनऊ विवि के मालवीय हाल में प्रदर्शित फिल्मों ने जीवन, पौराणिक कथा और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को छुआ। छात्र-छात्राओं ने कहानियों के जरिए कहानियों को जाना और परखा। सर्वोत्तम शोध पुरस्कार पाने वाली मणिपुर की फिल्म ' फ्लक्स साइल' पर्यावरण में कार्बन डाई आइक्साइड के पुनः संकेंद्रण के संतुलन पर आधारित थी। सर्वोत्तम छायांकन श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'यमुना घाट' ने दिल्ली में यमुना घाटों का ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व बताया। प्रत्येक फिल्म के बाद एक पैनल चर्चा हुई, जहां प्रतिभागियों ने फिल्मों के संबंधित निर्देशकों के साथ बातचीत की।



लवि में आयोजित एजुकेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म दुर्गा पूजा की स्क्रीन • जागरण

कंसोर्टियम फार एजुकेशनल कम्युनिकेशन (सीईसी) के निदेशक प्रोफेसर जेबी नड्डा ने वृत्तचित्र निर्माण के उद्देश्य और दायरे के बारे में बात की। आडियो-वीडियो उत्पादन में कंटेंट के प्रभाव को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि एक क्रिएटर की मंशा एजुकेशनल डाक्यूमेंट्री के माध्यम से समाज में संस्कार का बीज बोने की होनी चाहिए। फिल्म महोत्सव के दौरान दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट आदि फिल्में भी प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम के दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर साफ्टवेयर सीईसी डा. सुनील मेहरू, डीन एकेडमिक प्रोफेसर गीताजंली मिश्रा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजक प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव आदि उपस्थिति रहे।

लवि में रंगशिला का आयोजन, खेली फूलों की होली

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में शुक्रवार को होली मिलन समारोह रंगशिला का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत के बाद गणेश वंदना व रासलीला से रंगारंग प्रस्तुतियों की शुरुआत हुई। शोध छात्राओं व विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, एकल नृत्य और शिव तांडव से समां बांधा। होली मैशअप और फैशन शो ने उत्सव में रंग भर दिए। कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के उल्लासपूर्ण माहौल में हुआ।

आंतरिक मूल्यांकन 16 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग ने प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ-साथ आंतरिक मूल्यांकन की समय सारिणी जारी कर दी है। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर एम सिराजुद्दीन ने बताया कि बी.एससी दूसरे और चौथे सेमेस्टर (जंतु विज्ञान) के वोकेशनल कोर्स में दूसरे सेमेस्टर का आंतरिक मूल्यांकन 16 अप्रैल और चौथे सेमेस्टर का 28 अप्रैल को होगा। एम.एससी दूसरे सेमेस्टर का आंतरिक मूल्यांकन 16 से 30 अप्रैल और चौथे सेमेस्टर का आंतरिक मूल्यांकन 22 से 30 अप्रैल तक होगा। वहीं, बी.एससी दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर (जंतु विज्ञान) की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 अप्रैल से छह मई तक होंगी। (जासं)

TOI PAGE 3

LU bicycle rally to touch historical sites

Times News Network

Lucknow: With the objective of making students and society aware of the historical places of Lucknow and its surroundings, Lucknow University is organising a 'cycle yatra' (bicycle rally) from March 24-26 on the direction of Chancellor and Governor Anandiben Patel.

The motto of this cycle yatra is 'Ek Desh Nek Desh-Pragati Path Par Hamara Desh'.

"This cycle yatra will cover about 160km, stopping at the major historical places of Lucknow. It will pass through the villages adopted by LU. It will also establish dialogue with the village heads and other special members of society on the way, along with street plays and speeches on national issues by special speakers," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

LU to host its first MUN on April 17-18

Times News Network

Lucknow: Lucknow University will host its first-ever Model United Nations (LUMUN) on April 17-18 wherein students will discuss crucial national and global issues. The event will feature 5 committees.

The United Nations Commission on the Status of Women (UNCSW) will focus on women's economic empowerment and their role in workplaces and decision-making. The All India Political Party Meet (AIPPM) will discuss ways to regulate digital platforms, improve content moderation and tackle cyberbullying against artists and public figures. The United Nations General Assembly (UNGA) will debate the creation of a nuclear weapon free zone in the Middle East. The International Press (IP) will cover photography, caricature and reporting.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

महोत्सव बना साहित्यिक फिल्मों का साक्षी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजीसी सीईसी के सहयोग से आयोजित हो रहे तीन दिवसीय शैक्षिक फिल्म महोत्सव का दूसरा दिन शुक्रवार को कुछ अद्भुत साहित्यिक फिल्मों का साक्षी बना। कार्यक्रम के दौरान, देश के विभिन्न राज्यों से आई विजेता फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में प्रदर्शित फिल्मों ने जीवन, पौराणिक कथा और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को छुआ। जहाँ मणिपुर की फिल्म 'फ्लक्स सॉइल' (जिसे सर्वोत्तम शोध पुरस्कार मिला) ने हमारे पर्यावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड के पुनः संकेंद्रण के संतुलन के ऊपर आधारित थी। वही दूसरी तरफ फिल्म 'यमुना घाट' (सर्वोत्तम छायांकन श्रेणी में पुरूस्कार जीतने वाली फिल्म) ने दिल्ली में यमुना घाटों के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में बात की। प्रत्येक फिल्म प्रदर्शन के बाद एक पैनल चर्चा हुई, जहां प्रतिभागियों ने फिल्मों के संबंधित निर्देशकों के साथ बातचीत की। डायरेक्टर सीईसी प्रो. जेबी नड्डा ने भी चर्चा के दौरान प्रतिभागियो को सम्बोधित किया तथा वृत्तचित्र निर्माण के उद्देश्य और दायरे के बारे में बात की। ऑडियो-वीडियो उत्पादन में कंटेंट के प्रभाव को उजागर करते हुए उन्होंने कहा की एक क्रिएटर की मंशा एजुकेशनल डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से समाज में संस्कार का बीज बोने की होनी चाहिए। उन्होंने फिल्म महोत्सव में आये सभी फिल्म निर्माता व निर्देशकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदर्शित अन्य फि ल्में थीं दुर्गा पूजा, मैजिकल मिलेट इत्यादि। कार्यक्रम के दौरान ज्वाइंट डायरेक्टर, साफ्टवेयर सीईसी डॉ सुनील मेहरू, डीन एकेडमिक प्रो. गीताजंली मिश्रा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के संयोजक प्रो. मुकुल श्रीवास्तव समेत अन्य शिक्षक और प्रतिभागी उपस्थित रहे।

लविवि : रंगशिला में खेली गयी फूलों की होली

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को होली मिलन समारोह रंगशिला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रजवल्लन कार्यक्रम के साथ हुई। रंगारंग कार्यक्रमों की शुरूआत से पहले लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलगीत का गायन किया गया। इसके बाद स्वाति और मानसी के द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गयी। फिर रासलीला पर समूह नृत्य का अयोजन किया गया। विभाग की शोध छात्राओं निहारिका, सेजल जायसवाल, अर्पिता शर्मा, सोनाली जायसवाल ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। अर्पिता और कृति के द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिव तांडव पर मानसी ने अपनी शानदार एवं अविस्मरणीय प्रस्तुति दी। होली मैशअप पर सिमरन, साक्षी, हर्षिता, तान्या, श्रुति, अक्षिता, और संघमित्रा ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। निशांत, गरिमा, खुशी, हर्षिता, क्षितिज, परीशा, नरेंद्र, आर्यन, वंशिका, प्रांशु द्वारा फैशन शो के साथ समापन हुआ। सभी कार्यक्रम वाणिज्य संकाय के छात्रों और शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये। रंगारंग कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ हुआ।

लविवि में तीन दिवसीय साइकिल यात्रा 24 से

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय साइकिल यात्रा का आयोजन 24 मार्च से लेकर 26 मार्च तक किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लखनऊ और इसके आसपास के ऐतिहासिक स्थलों से छात्रों एवं समाज को अवगत कराना है। इस यात्रा का शुभारम्भ लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा किया जाएगा। इस साइकिल यात्रा का आदर्श वाक्य एक देश नेक देश-प्रगति पथ पर हमारा देश है।

यह साइकिल यात्रा लखनऊ के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर रुकते हुए लगभग 160 किलामीटर की दूरी तय करेगी, विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिये हुए गांवों में होकर निकलेगी, रास्ते में ग्राम प्रधानों एवं अन्य समाज के विशिष्ठ सदस्यों से भी संवाद स्थापित करेगी। साथ में नुक्कड़ नाटक एवं विशिष्ठ वक्ताओं के द्वारा राष्ट्रीय विषयों पर उद्बोधन भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

यह यात्रा 24 मार्च 2025 को प्रातः 08:00 बजे विवेकानन्द द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्रारम्भ होकर परिवर्तन चौक, रेजीडेंसी एवं बड़ा ईमामबाड़ा, शिया पीजी कॉलेज होते हुए एतिहासिक स्थल बख्शी का तालाब का भ्रमण करते हुए सीबी गुप्ता महाविद्यालय में पहुंचेगी। इसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गांवों का भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक मां चंद्रिका देवी मंदिर में भ्रमण एवं रात्रि विश्राम करेगी।

25 मार्च को यह यात्रा मां चंद्रिका देवी मंदिर से प्रातः 08:00 बजे प्रारम्भ होकर माल रोड पर पड़ने वाले गांवों का भ्रमण करते हुए आदर्श सत्येन्द्र महाविद्यालय में पहुंचेगी जहां पर जागरूकता परक लेक्चर का आयोजन होगा। तत्पश्चात रहीमाबाद गांव का भ्रमण करते हुए कुंवर आसिफ अली कॉलेज में पहुंच कर रात्रि में विश्राम करेगी। 26 मार्च तीसरे दिन यह यात्रा कुंवर आसिफ अली कॉलेज से प्रातः 08.00 बजे प्रारम्भ होगी। इसके बाद रहीमाबाद एवं काकोरी ट्रेन ऐक्शन प्लॉन स्थल का भ्रमण करते हुए काकोरी गांव के प्रधान से चर्चा करते हुए जागरूकता परक लेक्चर, डिबेट एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा इसके पश्चात भालचन्द्र ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूट होते हुए आईआईएम रोड काकोरी स्मारक स्थल, लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर, कुड़िया घाट, पक्का पुल, का भ्रमण करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नं. 2 गौरव स्थल पर पहुंच कर इस यात्रा का समापन होगा।